विद्यालय का नामः.....

वार्षिक परीक्षा–,2024-25

विषय–गणित	पूर्णांक-	कक्षा–7	समय–2:30 घण्टे	नामः–.....

भाग–अ

निर्देशः– सभी प्रश्नों का हल उतर पुस्तिका में लिखों।

–: वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–

1. 18 का $\frac{2}{3}$ होगा–

(अ) 12 (ब) 18 (स) 27 (द) $\frac{20}{3}$ ( )

2. 4p–2= 16 में p का मान होगा–

(अ) $\frac{9}{2}$ (ब) 4 (स) $\frac{7}{2}$ (द) 18 ( )

3. संगत कोण यदि एक 110^0 का है, तो दूसरा होगा–

(अ) 60^0 (ब) 90^0 (स) 100^0 (द) 110^0 ( )

4. एक त्रिभुज में कितने शीर्ष होते हैं–

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार ( )

5. 50 रू का 12% होगा–

(अ) 6 रू (ब) 60 रू (स) 50 रू (द) 600 रू ( )

6. $\frac{-5}{7}$X$\frac{3}{10}$ का मान होगा–

(अ) $\frac{-15}{7}$ (ब) $\frac{-15}{70}$ (स) $\frac{70}{15}$ (द) $\frac{-70}{15}$ ( )

7. किसी वर्ग का परिमाप 48 सेमी0 है। उस वर्ग का क्षेत्रफल होगा–

(अ) 12 सेमी^{2} (ब) 144 सेमी^{2} (स) 60 सेमी^{2} (द) 120 सेमी^{2} ( )

8. एक समबाहु त्रिभुज में सममित रेखायें होती है–

(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) 4 ( )

9. घन के कोने होते है–

(अ) 6 (ब) 8 (स) 10 (द) 12 ( )

10. ऐसा त्रिभुज जिसकी तीनों भुजायें समान हो उसे कहते है–

(अ) विषमबाहु (ब) समबाहु (स) समद्विबाहु (द) समकोण ( )

–:रिक्त स्थानों की पूर्ति करोः–

(घूर्णन का कोण, प्रतिशत, कर्ण, बीजीय व्यंजक, सर्वांगसम)

11. समकोण के सामने वाली भुजा को.....कहते हैं।

12. सर्वांगसम त्रिभुजों के संगत अवयव भी.....होते हैं।

13. चरों और अचरों से.....बनते हैं।

14. जिस कोण पर वस्तु घूमती है, उसे.....कहते हैं।

15. .....का अर्थ होता है,प्रत्येक सौ पर।

भाग–ब

1. निम्नलिखित प्रश्नों को हल करोः–

(i) 5 X $2\frac{3}{7}$ (ii) 25 का $\frac{2}{5}$ (iii) $\frac{42.8}{0.02}$ (iv) $\frac{3}{5} \div \frac{1}{2}$ (v) 2.7 X 4

More Questions Paper Gurusevika.in

2. निम्नलिखित प्रश्नों को हल करो:–

(i) $y + 4 = 4$ (ii) $8y = 36$ (iii) $2y + \frac{5}{2} = \frac{37}{2}$ (iv) 164 का 50% (v) 2500 का 20%

–:निम्न में से पाँच प्रश्नों को हल कीजिए:–

3. निम्नाकिंत आकृतियों में अज्ञात x का मान ज्ञात कीजिए–

4. चर्चा कीजिये, क्यों? $\triangle ABC \cong \triangle FED$



5. एक प्रयोगशाला में 6 विद्यार्थियों के लिए 3 कम्प्यूटर होने चाहिए। ज्ञात कीजिए कि 24 विद्यार्थियों के लिए कितने कम्प्यूटरों की आवश्यकता होगी?

6. एक नगर में 30% महिलाऐं, 40% पुरुष तथा शेष बच्चे है। बच्चों का प्रतिशत कितना है?

7. निम्नलिखित प्रश्नों को हल करो:–

(i) $\frac{-9}{10} + \frac{22}{15}$ (ii) $-2\frac{-1}{9} - 6$ (iii) $\frac{3}{11} X \frac{2}{5}$

8. एक वर्गाकार पार्क का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका परिमाप 320m है।

9. $2x^2+3xy$ प्राप्त करने के लिए, x^2+xy+y^2 में क्या जोड़ना चाहिए।

–:किन्ही चार प्रश्नों को हल करो:–

10. निम्नलिखित में से प्रत्येक को केवल अभाज्य गुणनखण्डों की घातों के गुणनफल के रूप में व्यक्त कीजिए–

(i) 108 X 192 (ii) 270 (iii) 729 X 64 (iv) 768

11. राजस्थान की जनसंख्या=570 लाख और उतर प्रदेश की जनसंख्या=1660 लाख। राजस्थान का क्षेत्रफल= 3 लाखkm^2 और उतर प्रदेश का क्षेत्रफल=2 लाखkm^2 ज्ञात कीजिए।

(i) इन दोनों राज्यों में प्रति km^2 कितने व्यक्ति हैं? (ii) किस राज्य की जनसंख्या कम घनी हैं?

12. एक आयत की लम्बाई 40cm है, तथा उसका एक विकर्ण 41cm है। इसका परिमाप ज्ञात कीजिए।

13. प्रत्येक दशा में 3 वर्ष बाद कितना मिश्रधन देय होगा?

(i) मूलधन = 1200 रू, दर 12% वार्षिक।

(ii) मूलधन = 7500 रू, दर 5% वार्षिक।

14. 21m व्यास वाले एक वृताकार बगीचे के चारों और माली बाड़ लगाना चाहता है, खरीदे जाने वाले आवश्यक रस्से की लम्बाई ज्ञात कीजिए; यदि वह 2 पूरे चक्कर की बाड़ लगाना चाहता है। 4रू प्रति मीटर की दर से रस्से पर व्यय ज्ञात कीजिए।

15. 30m भुजा वाले एक वर्गाकार बगीचे की परिसीमा से लगा भीतर की ओर 1m चौड़ा पथ बना हुआ है, ज्ञात कीजिए।

(i) पथ का क्षेत्रफल

(ii) 40रू प्रति m^2 की दर से बगीचे के शेष भाग पर घास लगवाने का व्यय।

More Questions Paper Gurusevika.in